उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर शोक व्यक्त किया

धर्मशाला। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। चौटाला ने 89 वर्ष की आयु में आज गुरूग्राम स्थित आवास पर अंतिम सांस ली। ओम प्रकाश चौटाला हरियाणा के चार बार मुख्यमंत्री रहे। मुकेश अग्निहोत्री ने ओम प्रकाश चौटाला के निधन को भारतीय राजनीति के लिये बड़ी क्षति बताया। उन्होंने कहा कि हरियाणा की राजनीति के मजबूत स्तंभ होने के साथ-साथ हरियाणा के विकास में उनके योगदान को हमेशा याद किया जायेगा। उनके निधन से हरियाणा सहित देश की राजनीति के लिए बड़ी क्षति पहुंची है। मुकेश अग्निहोत्री ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शान्ति और शोक संतप्त परिवार को इस अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की

शिलाई में आंगनवाड़ी सहायिका के 4 पदों के लिए 30 दिसम्बर तक करें आवेदन-सीडीपीओ

नाहन। बाल विकास परियोजना अधिकारी शिलाई के अन्तर्गत आंगनबाडी केन्द्र धकोली, रोनहाट, नावना व पाव मिनी में आंगनवाड़ी सहायिकाओं के 4 पद भरे जायेंगे। इन पदों के लिए पात्र महिला उम्मीदवार 30 दिसम्बर, 2024 तक अपना आवेदन बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय शिलाई में जमा करवा सकते हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार 7 जनवरी, 2025 को उपमण्डलाधिकारी शिलाई के कार्यालय में प्रातः 11 बजे से आयोजित किए जायेंगे। बाल विकास परियोजना अधिकारी शिलाई ने यह जानकारी देते हुए बताया कि आंगनबाडी केन्द्र धकोली, रोनहाट, नावना के लिए आवेदन कर्ता ग्राम पंचायत क्षेत्र नाया, रास्त व नावना भटवाड़ की सामान्य निवासी होनी चाहिए, जबकि आंगनबाडी केंद्र पाव मिनी के लिए आवेदक केवल आंगनबाडी केंद्र के फीडर एरिया से ही सम्बंधित होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि आवेदक की शैक्षणिक योग्यता दस जमा दो या समकक्ष, आयु 18 से 35 वर्ष, परिवार की वार्षिक आय 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए, प्रार्थी का आय प्रमाण पत्र तहसीलदार/नायब तहसीलदार अथवा कार्यकारी मैजिस्ट्रेट द्वारा जारी होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी पर दर्ज एफआईआर की निंदा करते हुए इसे दुर्भाग्यपूर्ण बताया

हिमाचल। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने लोकसभा में विपक्ष के नेता एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर दर्ज एफआईआर को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि यह राजनीतिक द्वेष से उठाया गया कदम है। उन्होंने धर्मशाला में पत्रकारों को सम्बोधित करते हुए कहा कि वह स्वयं एवं पूरी कांग्रेस पार्टी राहुल गांधी के साथ मजबूती से खड़ी है। मुख्यमंत्री ने राहुल गांधी की देश के प्रति निष्ठा एवं समर्पण व प्रतिबद्धता पर बल देते हुए कहा कि उन्होंने निःस्वार्थ भावना से कन्याकुमारी से कश्मीर तक भारत जोड़ो यात्रा की ताकि लोकतांत्रिक मूल्यों को देशभर में पुनर्स्थापित करने के साथ-साथ भाईचारे की भावना को बढ़ावा दिया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी का लोकतंत्र पर अडिग विश्वास है। उन्होंने कांग्रेस नेता पर लगाए गए आरोपों को निराधार और राजनीति से प्रेरित बताया। गांधी परिवार द्वारा दिए गए बलिदानों का स्मरण करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राजीव गांधी ने देश की एकता और अखण्डता के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। उन्होंने कहा कि एक ऐसा परिवार, जिसने देश के लिए बहुमूल्य योगदान दिए हैं, उसके किसी सदस्य पर इस तरह के निराधार आरोप लगाना दुर्भाग्यपूर्ण है। राजनीतिक द्वेष के लिए किसी भी पार्टी को इस तरह के कृत्य शोभा नहीं देते।

शिमला शहर में बर्फ़बारी से निपटने के लिए क्यूआरटी का गठन : डीसी

28 फरवरी तक शिमला शहर में मुस्तैद रहेगा दल : अनुपम कश्यप

शिमला। मिलेगाउपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप ने आज शिमला शहर में बर्फ़बारी से निपटने के लिए गठित त्वरित प्रतिक्रिया दल के सदस्यों के साथ बैठक की। उपायुक्त ने कहा कि दल के सदस्यों की तैनाती होम गॉर्ड की तीसरी बटालियन से की गई है। यह दल शिमला शहर में बर्फ़बारी के दौरान आपदा से निपटने के लिए 28 फरवरी, 2024 तक तैनात रहेगा। उन्होंने दल के सदस्यों से बर्फ़बारी के दौरान किसी भी आपदा से निपटने के लिए तैयार रहने को कहा ताकि आमजन को इस दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने सदस्यों के साथ बर्फबारी से निपटने को लेकर विस्तृत चर्चा भी की। उपायुक्त ने कहा कि आपदा से निपटने के लिए सभी प्रकार के औजारों की अत्यंत आवश्यकता रहती है। दल को जल्द ही सभी औजार भी उपलब्ध किये जायेंगे। बता दे कि हाल ही में जिला शिमला में बर्फ़बारी से निपटने के लिए आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि शिमला शहर में बर्फ़बारी से निपटने लिए एक त्वरित प्रक्रिया दल का गठन किया जाए। जिसके फलस्वरूप त्वरित प्रतिक्रिया दल का गठन किया गया। दल के सभी सदस्यों ने आज उपायुक्त से भेंट की। इस अवसर पर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी (प्रोटोकॉल) ज्योति राणा भी उपस्थित रहे।

उपायुक्त ने की सरकारी योजनाओं की समीक्षा बैठक

नाहन। प्रदेश सरकार द्वारा लोगों के उत्थान के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की निगरानी एवं समीक्षा बैठक उपमंडल अधिकारी नाहन के कार्यालय में आयोजित हुई जिसकी अध्यक्षता उपायुक्त सिरमौर सुमित खिम्टा ने की। बैठक में केन्द्र व प्रदेश सरकार की और से डीआरडीए, जिला कल्याण विभाग, आईसीडीएस, स्वास्थ्य व आयुष आदि विभागों द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की प्रगति को लेकर चर्चा की गई। जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा ने जानकारी दी कि जिला सिरमौर में इंदिरा गांधी प्यारी बहना सुख सम्मान निधि योजना के तहत 4128 महिलाओं को लाभान्वित किया गया तथा सामाजिक सुरक्षा पैंशन के 9642 व्यक्तियों को पैंशन के मामले स्वीकृत किए गए है। उपायुक्त ने शिक्षा विभाग विभाग को शिलाई और संगडाह के दुगर्म इलाकों के स्कूल भवनों की जानकारी उपलब्ध कराने तथा डा0 यशवन्त सिंह परमार स्कॉलरशिप के लिए कॉलेजों तथा स्कूलों में पात्र विद्यार्थियों की पहचान करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सभी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। बैठक में उपमंडल अधिकारी राजीव सांख्यान, कार्यकारी अधिकारी एमसी नाहन संजय कुमार, खण्ड़ विकास अधिकारी परमजीत सिंह ठाकुर, चेतन चैहान, जिला राजस्व अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुनील शर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

एडीएम ने की प्रधानमंत्री नया 15 सूत्रीय कार्यक्रम की जिला स्तरीय बैठक की अध्यक्षता

नाहन। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी नाहन के0 एल0 वर्मा ने अल्पसंख्यकों के लिये प्रधानमंत्री नया 15 सूत्रीय कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिला सिरमौर की कुल जनसंख्या 5 लाख 29 हजार 855 है जिसमें अल्पसंख्यक वर्ग की कुल जनसंख्या 53 हजार 25 है, जो कि कुल जनसंख्या का लगभग 10.01 प्रतिशत है। बैठक में जिला ग्रामीण विकास अभिकरण के प्रतिनिधि ने जानकारी देते हुए बताया कि गुज्जर समुदाय के बच्चों हेतु चल रहे कटापत्थर तथा छल्लूवाला विशेष विद्यालय के भवनों के लिए परियोजना अधिकारी समग्र शिक्षा अभियान द्वारा प्रस्तुत 9 लाख 70 हजार रुपये प्रति केन्द्र के प्राक्कलानों को सहायक अभियन्ता विकास द्वारा पूर्ण सत्यापन कर दिया गया है तथा भूमि उपलब्ध होते ही कार्य आरंभ कर दिया जाएगा।

शिक्षा तथा कल्याण विभाग द्वारा प्राथमिक व उच्च स्कूलों में उर्दू भाषा के अध्यापकों की भर्ती और तैनाती के लिए शीघ्र ही कालाअंब, पांवटा, पुरूवाला तथा अन्य स्कूलों का दौरा करने का आश्वासन दिया गया। अल्पसंख्यक समुदाय के मेधावी विद्यार्थियों के लिए छात्रवृति योजना के बारे में जानकारी देते हुए प्रारंभिक शिक्षा के प्रतिनिधि ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय के 80 बच्चों में से केवल 8 बच्चों ने छात्रवृति के लिए अपना आवेदन प्रस्तुत किए है। अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी ने शिक्षा विभाग को अधिक से अधिक अल्पसंख्यक समुदायों के पात्र मेधावी विद्यार्थियों को इस योजना के अंतर्गत चिन्हित करने को कहा। बैठक के दौरान गैर सरकारी सदस्य संजय सिंह द्वारा क्रिश्चियन कब्रिस्तान की मुरम्मत की मांग पर कार्यकारी अधिकारी नगर परिषद द्वारा जानकारी दी गई कि उनके द्वारा मौके का मुआयना कर प्राक्कलन तैयार कर लिया गया है तथा शीघ्र ही इसे जिला स्तरीय बैठक में प्रस्तुत कर दिया जाएगा। जिला स्तरीय दिव्यांगता समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नाहन को अपने उच्च अधिकारियों से हिमाचल पथ परिवहन निगम एवं निजी बसों में ऊंची सीढ़ीयां होने के कारण दिव्यांगजनों को चढ़ने व उतरने में आने वाली समस्या के दृष्टिगत रैम्प अथवा अन्य व्यवस्था करने बारे पत्राचार करने के निर्देश दिए। स्थानीय स्तरीय समिति की बैठक में सदस्य सचिव, जिला कल्याण अधिकारी विवेक अरोड़ा ने समिति के समक्ष कानूनी संरक्षकता हेतू 02 प्रस्ताव जिसमें अध्यक्ष, आस्था वैलफेयर सोसायटी नजदीक पक्का टैंक नाहन को जेन्गो गेलो तथा सुदामा विशेष सक्षम व्यक्तियों का संरक्षक बनाया गया है, पारित करने हेतू रखा जिसे समिति द्वारा पारित कर दिया गया। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी तथा समितियों के गैर सरकारी सदस्य उपस्थित थे।

ऊना जिले के किसानों की समृद्धि के लिए निर्णायक पहल

डीसी जतिन लाल बोले...बनेगी जिलास्तरीय सोसाइटी, खाद्य उत्पादों का होगा ऊना ब्रांड

- 'मॉडल एग्रीमेंट दस्तावेज' देगा किसानों को धोखाधड़ी से सुरक्षा कवच

ऊना। किसानों और बागवानों के हितों की रक्षा एवं आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए ऊना जिले में जिला स्तरीय सोसाइटी का गठन किया जाएगा। इस सोसाइटी में किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ), क्लस्टर स्तरीय फेडरेशन और अन्य हितधारकों को शामिल किया जाएगा। उपायुक्त जतिन लाल ने शुक्रवार को जिले के किसानों, एफपीओ संचालकों और स्वयं सहायता समूहों के साथ हुई बैठक में यह महत्वपूर्ण बात कही।

खाद्य उत्पादों का ऊना ब्रांड बनेगा पहचान: इस पहल के तहत ऊना जिले का अपना खाद्य उत्पाद ब्रांड तैयार किया जाएगा। आलू सहित अन्य कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और मार्केटिंग अंतरराष्ट्रीय मानकों और आधुनिक प्रथाओं के आधार पर की जाएगी। शुरुआत में आलू, मोटे अनाज और ड्रैगन फ्रूट जैसे उत्पादों पर फोकस रहेगा। इससे किसानों की आय में वृद्धि होगी और ऊना जिले को एक नई पहचान मिलेगी।

किसानों को धोखाधड़ी से बचाएगा 'मॉडल एग्रीमेंट दस्तावेज': उपायुक्त ने कहा कि जिले के किसानों को धोखाधड़ी से सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रशासन 'मॉडल एग्रीमेंट दस्तावेज' तैयार करेगा। एडीसी की अध्यक्षता में गठित समिति यह दस्तावेज तैयार करेगी। समिति में कृषि, बागवानी विभागों के उपनिदेशक, एपीएमसी सचिव और डीआरडीए परियोजना अधिकारी शामिल होंगे। यह दस्तावेज पंचायत स्तर पर उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि किसान और खरीदार के बीच पारदर्शी और सुरक्षित समझौते हो सकें। इससे भुगतान विवादों में पुलिस कार्रवाई भी सुगम होगी।

एफपीओ का दायरा बढ़ाने पर जोर: उपायुक्त ने किसानों को एफपीओ (किसान उत्पादक संगठनों) से जोड़ने पर जोर देते हुए कहा कि एफपीओ का दायरा बढ़ाया जाएगा। इसके लिए संगठित रणनीति तैयार की जाएगी ताकि किसानों को इसका अधिकतम लाभ मिल सके।

ऊना में सीआरआईपी सैटेलाइट सेंटर के प्रयास: जतिन लाल ने कहा कि ऊना जिले में सेंटरल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ पोटेटो (सीआरआईपी) का सैटेलाइट सेंटर स्थापित करने के लिए उच्चस्तरीय प्रयास किए जाएंगे। इससे जिले में आलू की विभिन्न किस्मों के बीजों का उत्पादन संभव हो सकेगा और किसानों को फायदा मिलेगा।

ग्रामीण आजीविका केंद्र में लगें प्रोसेसिंग इकाइयां: उपायुक्त ने बंगाणा उपमंडल के थानाकलां में 10 करोड़ रुपये की लागत से बने ग्रामीण आजीविका केंद्र में फूड प्रोसेसिंग इकाइयां लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। इससे जिले में उगने वाले विभिन्न कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग और मूल्यवर्धन किया जा सकेगा।

खुले संवाद में किसानों के सुझाव: बैठक में किसानों और हितधारकों ने अपने अनुभव और सुझाव साझा किए। 'पेप्सीको' कंपनी के प्रतिनिधियों ने आलू की विभिन्न किस्मों की खेती और किसानों से खरीदारी के अपने मॉडल की जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह और अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने किसानों के हितों की रक्षा के लिए ठोस व्यवस्था को लेकर सुझाव दिए।

किसानों की समृद्धि के लिए सरकार प्रतिबद्ध

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व में हिमाचल सरकार किसानों की समृद्धि और कृषि अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आलू आधारित आर्थिकी को बढ़ावा देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि जिस तरह सेब आधारित आर्थिकी में प्रदेश को सफलता मिली है, वैसे ही ऊना में आलू आधारित आर्थिकी को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जाएगा।

ऊना का आलू है प्रदेश की शान

ऊना जिला आलू की बड़े पैमाने पर खेती और उच्च गुणवत्ता के लिए प्रदेशभर में विख्यात है। यहां रबी और खरीफ दोनों मौसमों में आलू की खेती होती है, जिसे हिमाचल की मंडियों के साथ-साथ देशभर में भेजा जाता है।

संसद में नेता प्रतिपक्ष को जाने से रोकना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ: मुकेश अग्निहोत्री

धर्मशाला

धर्मशाला। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य कांग्रेस नेताओं को संसद के अंदर जाने से रोकने की घटना पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने इसे इसे देश के समृद्ध लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ बताया। धर्मशाला में चल रहे विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दौरान मीडिया से मुखातिब होते हुए उपमुख्यमंत्री ने संसद में प्रतिपक्ष के नेता के साथ हुए घटनाक्रम को तानाशाही करार देते हुए सरकार के इस व्यवहार की कड़ी आलोचना की।

उन्होंने कहा कि यदि आप संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर के खिलाफ टिप्पणी करेंगे तो इसका विरोध पूरा देश करेगा। कांग्रेस के नेता देश की आवाज बनाकर डॉ. आम्बेडकर के खिलाफ की गई टिप्पणी पर अपना विरोध जता रहे थे तभी सरकार के नेताओं ने उनकी आवाज दबाने के लिए नेता प्रतिपक्ष और उनके साथियों से अभद्र व्यवहार किया। अग्निहोत्री ने कहा कि केंद्र सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतर आई है लेकिन कांग्रेस लड़ाई लड़ना जानती है। पूर्व में भी जब कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को संसद से बाहर करने और उनका आवास छीनने के असफल प्रयास केंद्र की सरकार ने किए थे, तब भी कांग्रेस लोकतांत्रित हितों के लिए लड़ी थी और अंत में सत्य की जीत हुई थी। उन्होंने कहा कि संसद में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित अन्य वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं के साथ हुए अभद्र व्यवहार भी केंद्र की अलोकतांत्रित मानसिकता को दर्शाता है। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि राहुल गांधी को संसद में जाने से रोकना और कांग्रेस नेताओं के साथ धक्का-मुक्की करना न केवल लोकतंत्र का अपमान है, बल्कि यह दिखाता है कि केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। ऐसी घटनाएं सरकार की तानाशाही मानसिकता को उजागर करती हैं। उन्होंने आगे कहा कि संसद जनता की आवाज का प्रतीक है और इसमें हर नेता को अपनी बात रखने का अधिकार है। उप मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि विपक्ष की आवाज दबाने के प्रयास सफल नहीं होंगे। कांग्रेस इस मुद्दे को हर स्तर पर उठाएगी और जनता के सामने सच्चाई लाएगी। उन्होंने राहुल गांधी और अन्य नेताओं के साथ हुई घटना की निंदा करते हुए इसे अस्वीकार्य बताया।

मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमता वाले व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने हेतू दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

मानसिक रूप से बीमार और अक्षम व्यक्ति सभी मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के हकदार - सचिव अनिता शर्मा

प्रेम ठाकर, ऊना। राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देशानुसार शुक्रवार को ऊना के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सेमिनार हॉल में मानसिक बीमारी और बौद्धिक अक्षमताओं वाले व्यक्तियों को कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश ओपी शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता शर्मा, ऊना पैनल अधिवक्ता एवं पीएलवी शामिल रहे। इस दौरान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव अनीता शर्मा ने कहा कि कानूनी सहायता सेवाओं का मुख्य उद्देश्य सभी के लिए न्याय की पहुंच होना है। विकलांग व्यक्तियों विशेष रूप से मानसिक बीमारी और मानसिक मंदता जैसी अन्य बाधाओं से पीड़ित लोगों को आमतौर पर समाज द्वारा दरकिनार और उपेक्षित किया जाता है।

इसलिए राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण अधिनियम 2015 ने मानसिक रूप से बीमार और विकलांग लोगों को प्रभावी कानूनी सेवाएं प्रदान करने के लिए एक योजना तैयार की थी। उन्होंने कहा कि मानसिक रूप से बीमार और अक्षम व्यक्ति सभी मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के हकदार हैं। इन व्यक्तियों के मानवाधिकारों और मौलिक स्वतंत्रता के पूर्ण और समान आनंद को बढ़ावा देना, सुरक्षा करना और सुनिश्चित करना संस्था के साथ-साथ कानूनी सेवा प्राधिकरण की प्रमुख चिंता होगी।

इसके अंतर्गत एक कानूनी सेवा यूनिट का गठन किया गया है, जिसमें डालसा सचिव, सेवानिवृत जिला एवं सत्र न्यायाधीश, पैनल अधिवक्ता एवं पीएलवी को शामिल हैं। इसके अलावा डीएलएसए की सचिव ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 21 दिसंबर को भी प्रातः 9:30 बजे से सायं 5:00 बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय अस्पताल ऊना से डॉ नवदीप जोशी, अधिवक्ता जिला कोर्ट अभीउपस्थित रहे।

शीत लहर से बचाव के लिए परामर्श जारी

मंडी। उपायुक्त एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण मंडी अपूर्व देवगन ने शीतलहर से बचाव के लिए जिला के लोगों से एहतियातन बचाव करने का आह्वान किया है। इस बारे जारी परामर्श के अनुसार कड़ाके की ठंड की स्थिति में अगर जरूरी न हो तो सुबह, शाम व रात के समय घरों में रहें। रात के समय में यात्रा करने से बचें। नियमित रूप से गर्म पानी का प्रयोग करें। घर के अंदर कोयले की अंगीठी तथा तेल के हीटर का प्रयोग न करें। कमरे के तापमान को बनाए रखें, गर्म कपड़ों का प्रयोग करें। शरीर की गर्माहट बनाए रखने के लिए घर से बाहर निकलते समय टोपी, जूतों, मफलर तथा दस्तानों का प्रयोग करें। घर में ठंडी हवा न आए, इसलिए दरवाजे व खिड़कियां बंद रखें तथा गीले कपड़ों को तुरन्त बदलें। मुंह तथा नाक को मास्क से कवर करें। शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बनाए रखने के लिए विटामिन-सी से भरपूर फल व सब्जियों का प्रयोग करें। गर्म तरल पदार्थों का नियमित रूप से सेवन करें। बुजुर्गों, नवजात शिशुओं का विशेष ध्यान रखें। हीटर, ब्लोअर, कोयले की अंगीठी आदि चलाते समय कमरे की खिड़की खोल कर रखें। सोने से पहले हीटर, ब्लोअर, अंगीठी आदि बंद कर लें। घर के अंदर बंद कमरों में कोयला न जलाएं तथा शराब का सेवन न करें।

अल्पताप या हाइपोथर्मिया की स्थिति में तुरंत चिकित्सीय सलाह लें। बर्फबारी वाले क्षेत्रों में घरों में पर्याप्त मात्रा में खाद्य वस्तुओं, पानी, ईंधन बैटरी चार्ज, आपातकालीन प्रकाश तथा साधारण दवाओं की किट तैयार रखें। जारी परामर्श के अनुसार रेडियो, टीवी, समाचार पत्रों व सोशल मीडिया में समय-समय पर मौसम विभाग द्वारा जारी शीतलहर की संभावना के दौरान बचाव के उपायों पर ध्यान दें। मौसम की जानकारी तथा आपातकालीन प्रक्रिया की जानकारी का बारीकी से पालन करें तथा शासकीय एजेंसियों की सलाह पर कार्य करें। किसी भी आपात स्थिति में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के जिला नियंत्रण कक्ष में 1077, 01905-226201, 202, 203, 204 पर सम्पर्क कर किया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक का कैलेंडर जारी किया

शिमला। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज धर्मशाला में कांगड़ा सहकारी प्राथमिक कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के वर्ष-2025 कैलेंडर को जारी किया। इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष राम चंद्र पठानिया सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

सीनियर नेशनल वॉलीबॉल खेल प्रतियोगिता के लिए ट्रायल 26 दिसम्बर से

मंडी। जिला युवा सेवाएं एवं खेल अधिकारी मंडी दिप्ती वैद्य ने बताया कि 7 से 13 जनवरी, 2025 तक जयपुर में महिला व पुरुष टीमों की सीनियर नेशनल वॉलीबाल खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश से भाग लेने वाली पुरुष टीम का ट्रायल 26 दिसम्बर को सुबह 10 बजे जबकि महिला टीम का ट्रायल 27 दिसम्बर को इंदिरा गांधी राज्य खेल परिसर, द-माल शिमला में लिया जायेगा।

स्कूल की सड़क छुट्टियां समाप्त होने से पहले होंगी पक्की : अनुपम कश्यप

शिमला। उपायुक्त शिमला अनुपम कश्यप की अध्यक्षता में आज यहाँ पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय ठियोग के विद्यालय प्रबंधन समिति की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग से स्कूल तक की सड़क को पक्का करने के लिए पैसो का प्रावधान किया जा चूका है तथा सड़क को स्कूल की छुट्टियां समाप्त होने से पहले पक्का किया जाएगा ताकि स्कूल में आने वाले अभिभावकों एवं अन्य लोगों को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि स्कूल हॉस्टल में सौर जल तापन प्रणाली को स्थापित करने के लिए प्रस्ताव दिया जाए ताकि उसके लिए भी पैसों का प्रावधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि स्कूल के शैक्षणिक ब्लॉक में आरओ लगाया जाएगा ताकि छात्रों को पेयजल की उचित सुविधा हो सके। इसके अतिरिक्त स्कूल के संवेदनशील क्षेत्रों में सोलर फ्लड लाइट्स भी लगायी जाएँगी। उपायुक्त ने स्कूल के बेहतर संचालन एवं समावेशी विकास के लिए स्कूल प्रबंधन समिति को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया। बैठक का संचालन विद्यालय की प्रधानाचार्य संगीता शौनिक ने किया। उन्होंने विद्यालय की वार्षिक शैक्षणिक, खेल, सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियों से अवगत करवाया। संगीता शौनिक ने बताया कि विद्यालय में लगभग 523 छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहें है जो वर्ष भर की विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लेते रहते है। स्कूल प्रबंधन समिति ने जिलाधीश को सभी प्रकार के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया तथा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया। बैठक में उपनिदेशक शिक्षा विभाग लेख राज भरद्वाज सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।